




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए आवेदन 5 दिसम्बर तक

**अम्बिकापुर।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य शासन के द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय अंबिकापुर के शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में 8 दिसम्बर को प्रातः 8 से किया जाएगा। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के महिला-पुरुष कलाकार भाग ले सकेगें। युवा उत्सव में लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड विधाओं को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला सरगुजा के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ अन्य 15 से 29 वर्ष के युवा कलाकार भी भाग ले सकते है। युवा उत्सव में भाग लेने हेतु समस्त प्रतिभागी, दल निर्धारित समय में अपना पंजीयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय में 5 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में कर सकते हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु बैंक अकाउंट एवं आधार सीडिंग अनिवार्य

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों-विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है। इन संस्थाओं के प्राचार्य-संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2022-23, 2023-24, एवं 2024-25 बैंक अकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्यवाही ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। शिक्षा सत्र वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम तिथि 30 नवम्बर तक तथा वर्ष 2024-25 हेतु 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात विद्यार्थियों को बैंक अकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन हेतु अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

# हाईकोर्ट की सख्ती पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों में हड़कंप, निरस्त की स्कूल की मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले दो दिनों से रामानुजनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम नारायणपुर में संचालित हंस वाहिनी विद्या मंदिर की एक शिक्षिका द्वारा होमवर्क नहीं करने पर एक शिक्षिका द्वारा कक्षा केजी-2 के एक छात्र को पेड़ पर लटकाने के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने पर विभाग के अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई है। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत स्कूल संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया है वहीं शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल की मान्यता निरस्त करने की बात सामने आ रही है।

ग्राम नारायणपुर में वर्षों से संचालित हंस वाहिनी विद्या मंदिर की एक शिक्षिका ने कक्षा केजी टू के एक छात्र द्वारा होमवर्क नहीं करने पर उसे पेड़ पर लटका दिया था। हरिभूमि ने 25 नवंबर के अंक में इस संबंध में प्रमुखता से तालीबानी सजा बच्चे ने होमवर्क नहीं किया तो शिक्षिका ने पेड़ पर लटका दिया, अभिभावकों ने मचाया हंगामा शीर्षक से प्रकाशित किया था। मामले में उच्च न्यायालय ने स्वयं संज्ञान लेते हुए मामले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है तथा अधिकारियों से जवाब तलब किया है। मामले में उच्च न्यायालय के सख्त रूख से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है तथा अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बोलने ⏭ शेष पेज 4 पर

## स्कूल प्रबंधक के विरूद्ध पुलिस ने दर्ज किया मामला

### एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने तोड़ा कलेक्टोरेट का गेट

शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता हंसवाहिनी विद्या मंदिर की शिक्षिका की मनमानी एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मसिरा की शिक्षिका द्वारा 5 मिनट विलंब से पहुंचने वाले विद्यार्थियों का बैग बाहर फेंकने के विरोध में डीईओ को ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर कार्यालय का मुख्य द्वार बंद होने पर कार्यकर्ता जबरिया प्रवेश करने की कोशिश में कलेक्टोरेट मुख्य द्वार स्थित चैनल गेट को तोड़ दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर शिक्षिका की मनमानी पर आक्रोश जताया। सूचना पर पहुंची एसडीएम शिवानी जायसवाल ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने की समझाइश देकर कार्यकर्ताओं को शांत कराया।



### मानकों की अवहेलना

बताया जा रहा है कि बिलासपुर निवासी सुभाष शिवहरे वर्षों से गांव के एक निजी घर के बरामदे में स्कूल का संचालन कर रहा था। स्कूल में कक्षा केजी से पांचवी तक 150 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। संचालक ने 10,12वीं उत्तीर्ण किशोरों को शिक्षक पदस्थ किया है। बालक को पेड़ पर टांगने वाली शिक्षिका को भी नाबालिग बताया जा रहा है।

### स्कूल संचालक के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध

घटना की वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने रामानुजनगर थाना प्रभारी को मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे लेकिन अभिभावकों ने संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने से साफ इंकार कर दिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को रामानुजनगर पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में हंस वाहिनी विद्या मंदिर प्रबंधन के विरूद्ध बीएनएस की धारा 127 (2बी) एवं बाल संरक्षण अधिनियम की धारा 75 एवं 82 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### लेता हूं जानकारी

पूर्व में डीईओ द्वारा दोषी शिक्षिका को बर्खास्त करने के साथ ही संचालक को मान्यता निरस्त करने के संबंध में नोटिस देकर जवाब मांगा गया था। स्कूल की मान्यता निरस्त करने की जानकारी नहीं मिली है। डीईओ से जानकारी लेता हूं।

-एस जयवर्धन, कलेक्टर, सूरजपुर

## गड्ढों को भरने के नाम पर ठेकेदार कर रहे खानापूर्ति, लोगों की बढ़ी परेशानी

# रिपेयरिंग के एक सप्ताह के भीतर ही उधड़ने लगी शहर की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में कराए जा रहे पैच रिपेयरिंग और डामरीकरण के कार्य में महापौर के निर्देश के बाद भी गुणवत्ता में कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि नगर निगम कार्यालय के सामने भरे गए गड्ढे का डामर और गिट्टी बाहर निकल गया। यही स्थिति शहर के ज्यादातर सड़कों की है। निर्माण व मरम्मत के बाद सड़क उधड़ने लग रही है जिससे लोगों में खासा रोष है। लोगों का कहना है कि महीनों इन्तजार और करोड़ो लागत के बाद भी चलने के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़क नहीं मिल पा रही है।

**खास बात**

- अब तक ढाई से तीन करोड़ रूपए की राशि हुई खर्च

बता दें कि शहर में बारिश के समय लोग गड्ढों और कीचड़ से परेशान रहे। जर्जर सड़क के कारण लोगों दुर्घटनाओं के शिकार भी हुए। इस दौरान शहर में जर्जर सड़क से मुक्ति दिलाने के लिए डामरीकरण और मरम्मत के कार्यों की स्वीकृति दी गई थी। नगर निगम सरकार द्वारा शहर को पांच जोनों में बांटकर लगभग 9 करोड़ की लागत से पैच रिपेयरिंग और डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया था और अब तक लगभग ढाई से तीन करोड़ रुपए का काम पूर्ण किए जाने की बात कही जा रही है। इसके बाद भी आलम यह है कि जगह जगह से पैच रिपेयरिंग के कार्य में शिकायतें मिल रही है। ठेकेदारों द्वारा डामरीकरण के कार्य को तो कुछ हद तक सही तरीके से किया जा रहा है लेकिन जहां जगह जगह बने गड्ढों को भरने की बात है तो ठेकेदार बिना गुणवत्ता का ख्याल रखे सिर्फ निर्माण सामाग्री को गिराकर गड्ढों को भर दिया जा रहा है जिससे कुछ ही दिनों में सड़क उधड़ने लग रही है। नगर निगम के सामने ही ठेकेदार द्वारा 18 से 19 नवम्बर के बीच गड्ढों को भरने का काम किया गया था जो अब आधे से अधिक सड़क उखड़ गई है इसी तरह देव होटल के सामने से शिशु मंदिर रोड में भी गया डामरीकरण उखड़ने लगा है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि यदि बनते ही सड़क उखड़ने लगेगी तो फिर से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



नगर निगम के सामने पैच रिपेयरिंग के बाद उधड़ी सड़क।

### शहर के बीच एनएच नहीं कर रहा काम

एक तरफ ननि के ठेकेदार सड़क डामरीकरण और मरम्मत का कार्य में लापरवाही कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर शहर के बीच व्यावसायिक मार्ग पर एनएच विभाग द्वारा अब तक डामरीकरण या मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया है। शहर की प्रमुख व्यावसायिक सड़कें एमजी रोड से लेकर महामाया चौक, सड़क रोड से अग्रसेन चौक होते हुए भारत माता चौक, दरिमा रोड एनएच के अधीन है। एनएच विभाग द्वारा भी राष्ट्रपति के कार्यक्रम के नाम पर डामरीकरण का कार्य कुछ मार्गों में किया गया लेकिन शहर के बीच की सड़कों के मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### की जाएगी कार्रवाई

शहर में डामरीकरण और पैच रिपेयरिंग का कार्य जारी है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारी व ठेकेदारों को गुणवत्ता का ख्याल रखने को कहा गया है। लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

जरही नगर पंचायत में शुक्रवार शाम अंबिकापुर–बनारस मुख्य मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद कुछ दूर तक बाइक सवार घसीटते चला गया था। पुलिस ने घटना कारित वाहन को जब्त कर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चंदौरा निवासी रामजनम विश्वकर्मा (43 वर्ष) शुक्रवार की शाम बाइक से जरही की ओर जा रहा था। इसी दौरान अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर यूपी की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक यूपी 64 एटी 7863 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामजनम विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल गया जिससे सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर के बाद कुछ दूर तक घसीटते हुए बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही भटगांव पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर



मृतक के शव को भटगांव अस्पताल भिजवाया। इस दौरान सड़क पर कुछ समय तक जाम जैसी स्थिति बनी रही। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जमीन बेचना है
व्यावसायिक एवं घरेलू उपयोग के लिए बलरामपुर चांदो रोड में एसपी बंगला के ठीक बगल में संपर्क करें।
मो.नं. 9425254465 7974240602

# लंबित अपराधों को लेकर एसपी ने विवेचकों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी ने शुक्रवार को जिले के पुलिस अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए विवेचकों को फटकार लगाई। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि आरोपियों को हवालात में रखते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

- कहा- आरोपियों को हवालात में रखते समय रखें सुरक्षा का विशेष ख्याल

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान प्रभारी एसपी श्री खिलारी ने थाना व चौकी प्रभारियों से उनके थाने में लंबित मामलों का बारी-बारी से पूछताछ कर अत्यधिक दिनों से लंबित प्रकरणों में थाना प्रभारी-विवेचक को फटकार लगाई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से शीघ्र ही प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि वर्ष के अंत तक लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग, लघु व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का अधिक से अधिक निराकरण किया जाए। थाना प्रभारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि गिरफ्तार शुदा आरोपियों को समय पर न्यायालय में पेश किया जाए लेकिन यदि किसी कारणवश आरोपियों को हवालात में रखना भी पड़े तो सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों को कहा कि वे थाना का नियमित रूप से निरीक्षक करने के साथ ही लंबित अपराध डायरी, मर्ग डायरी, लंबित चालान की समीक्षा करें। इस दौरान एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी, एसडीओपी रामानुजगंज बाजीलाल सिंह, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकड़ा, एसडीओपी बलरामपुर मोहम्मद याकूब मेनन एवं जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी एवं एसपी ऑफिस से स्टेनो, रीडर, व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।







# एक माह से सोनगरा व मायापुर-2 के ग्रामीण हाथियों के उत्पात से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के सोनगरा क्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लगभग एक महीने से क्षेत्र में विचरण कर रहे 25 हाथियों के दल और उससे अलग हुए एक बंडा हाथी ने ग्रामीणों की दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी है। खेतों की फसलों से लेकर घरों तक को नुकसान पहुंचा रहे है, जिससे कारण ग्रामीण भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

- ग्रामीणों में दहशत का माहौल गहराया, रतजगा कर बचा रहे घर-परिवार

मायापुर 2 में हाथियों के दल से बिछड़ा एक हाथी गुरुवार की देर रात सोनगरा बस्ती में आ पहुंचा जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। हाथी गांव के विजय सोनी के घर तक पहुंच गया था। इधर खतरे को भांपते हुए ग्रामीण एकजुट हुए और शोर मचाकर तथा मशाल और टॉर्च की रोशनी दिखाकर उसे बस्ती से बाहर की ओर खदेड़ा। हाथी सोनगरा भगतपारा होते हुए जंगल की ओर निकल गया और कंवरपारा की ओर बढ़ गया। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने उसे भगाने के प्रयास में ट्रैक्टर के तेज हॉर्न बजाया, जिससे हाथी बिदक कर दिशा बदलते हुए सीधे सोनगरा खासपारा से होते हुए शंकरपुर पहुंच गया। ग्रामीणों की सूझबूझ और त्वरित प्रयासों से सोनगरा क्षेत्र में किसी प्रकार की जान–माल की हानि नहीं हुई। शंकरपुर पहुंचते ही हाथी ने नरेश पावले के घर के बाहर रखे धान बर्बाद कर दिया वहीं फूलमती पति स्व. सोमारसाय के घर को तोड़ क्षतिग्रस्त कर घर के सामान के साथ-साथ धान की बोरियां और चारपाई भी क्षतिग्रस्त किया। गांव के ही समर बहादुर राजवाड़े के खेत में लगे गोभी व केला की फसल को भी हाथी ने पूरी तरह रौंद दिया। ग्रामीणों के अनुसार हाथी अभी सूरजपुर रेंज के जंगलों में ही विचरण कर रहा है और किसी भी समय फिर से गांव की ओर पहुंच सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और वन विभाग को संयुक्त रूप से कोई ठोस एवं स्थायी समाधान निकालना चाहिए ताकि हाथियों के हमलों से आर्थिक और मानसिक क्षति से उन्हें राहत मिल सके।



फाइल फोटो

### 25 हाथियों का दल भी मचा रहे उत्पात

25 हाथियों का दल प्रतापपुर रेंज के सोनगरा सर्कल के कक्ष क्रमांक पी 1685 में दिनभर विश्राम करता है। रात होते ही यह दल मायापुर 2 के देवनाचा क्षेत्र में धान, गन्ना और अन्य फसलों को तहस-नहस कर देता है। हाथियों के लगातार बढ़ते उत्पात से कई ग्रामीणों के घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। रोज होने वाले नुकसान के डर से ग्रामीण रात भर जागकर चौकसी कर रहे हैं। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी भय के माहौल में जी रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को रात में नींद नहीं आ रही और हर समय डर बना रहता है।

### ग्रामीणों ने स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यदि क्षेत्र में चौक-चौराहों तथा सड़कों पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट होती तो राहगीरों और ग्रामीणों को रात में हाथियों की गतिविधि का समय रहते पता चल जाता। अंधेरा क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल स्ट्रीट लाइट लगाने और सुरक्षा दलों की तैनाती बढ़ाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के लिए करें पहल

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे के मार्गदर्शन और जिला मिशन समन्वयक श्रीमती दीपिका पटेल, संरक्षण अधिकारी श्रीमती वित्तबाला श्रीवास्तव की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बड़गांव के उन्नति महिला संकुल संगठन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष मोहित राम पैकरा एवं जन प्रतिनिधि गणमान्य नागरिक गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा महिलाओं को संबोधित किया एवं अतिथियों के द्वारा पौधरोपण कर प्रदूषण मुक्त रहित पर्यावरण रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के हित में संचालित अधिनियम एवं योजनाओं की जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विस्तार पूर्वक दी गइंं।

### बनाए जा रहे आयुष्मान और वय-वंदना कार्ड



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों के द्वारा मॉनिटरिंग सुपरविजन किया जा रहा है। विकासखंड बैकुंठपुर से विकासखंड सोनहत में तर्रा बसेर, दामुज, पुसला, कुशहा, ओदारी से जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता, कम्प्यूटर आपरेटर टीम सहित ग्रामों में घर-घर भ्रमण कर आयुष्मान कार्ड एवं वय-वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्य की प्रगति के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जिनके आधार अपडेट नहीं है उनका आधार अपडेशन भी किया जा रहा है ताकि आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड की उपलब्धि शत-प्रतिशत हो सके। ग्रामों में कम्युनिटी स्तर पर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में परिवार नियोजन के जागरूकता के लिए बैठक कर जानकारी दी जा रही है।

### बच्चों ने प्रकृति से जुड़कर सीखी कई नई बातें

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल द्वारा प्ले ग्रुप एवं नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। बच्चों को शहर के स्थानीय पार्क ले जाया गया, जहां उन्हें मनोरंजन के साथ-साथ प्रकृति और पर्यावरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कक्षा-कक्ष से बाहर बच्चों को वास्तविक जीवन से सीखने का अवसर देना था। पार्क पहुंचने पर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। शिक्षिकाओं ने बच्चों को अलग-अलग समूहों में बांटकर विभिन्न गतिविधियां करवाईं। सबसे पहले बच्चों को वहां मौजूद फूलों, पत्तियों, पेड़ों, घास और अन्य प्राकृतिक चीजों को करीब से देखने और समझने का मौका दिया गया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं, गर्मी कम करते हैं और हमारे वातावरण को शुद्ध बनाए रखते हैं। बच्चों ने बड़े ध्यान से यह सारी जानकारी सुनी, इसके बाद बच्चों को पार्क की स्वच्छता के बारे में समझाया गया, उन्हें बताया गया कि हर जगह साफ-सफाई रखना क्यों जरूरी है, कूड़ा डस्टबीन में ही क्यों डालना चाहिए और प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाली चीजों से कैसे बचना चाहिए।

### नवगठित नपं पटना के पहले सीएमओ सस्पेंड

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के नगर पंचायत पटना में निर्माण कार्यों के भुगतान को लेकर सामने आई गंभीर अनियमितताओं के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिकंदर सिदार को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर के अपर सचिव द्वारा जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में किए गए निर्माण और विकास कार्यों से जुड़े कई भुगतान संदिग्ध व नियम विरूद्ध पाए गए थे।

**अवैध धान परिवहन पर पैनी नजर** | किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंचे 20 करोड़ रुपए

# 14 दिनों में किसानों के 84 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी के महापर्व की शुरूआत बीते 15 नवंबर से हुई है। कोरिया जिले के 21 धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी तेज गति से जारी है।

बीते 15 से 28 नवंबर के बीच जिले के 1,746 किसानों द्वारा कुल 84,530.40 क्विंटल धान बेचा जा चुका है। इस धान की खरीदी के एवज में सरकार द्वारा त्वरित भुगतान की नीति के तहत 20 करोड़ 2 लाख रूपए किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। तेज भुगतान प्रणाली और पारदर्शिता के कारण किसान संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। धान खरीदी के साथ-साथ कृषि ऋण अदायगी की प्रक्रिया भी प्रभावी रूप से चल रही है। अब तक किसानों से करीब 4 करोड़ रूपए की कृषि ऋण वसूली की जा चुकी है, जिससे सहकारी समितियों की वित्तीय स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को देश का सर्वाधिक 3100 प्रति क्विंटल मूल्य उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके कारण प्रदेश की धान खरीदी प्रणाली पूरे देश में



एक मजबूत मिसाल के रूप में स्थापित हो चुकी है। वहीं कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी स्वयं धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पर लगातार नजर रख रही हैं। वे प्रतिदिन अधिकारियों और कर्मचारियों से खरीदी की स्थिति की समीक्षा कर रही हैं। साथ ही, वे व्हाट्सऐप समूहों और बैठकों के माध्यम से शासन से प्राप्त निर्देशों की जानकारी तुरंत फिल्ड स्टाफ तक पहुंचा रही हैं, ताकि धान खरीदी में किसी प्रकार की देरी या समस्या न आए। कलेक्टर श्रीमती ने स्पष्ट कहा है कि पंजीकृत किसानों से एक-एक दाना धान खरीदा जाएगा। अवैध धान परिवहन या अनियमितता पाए जाने पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। धान खरीदी की सुचारू व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अवैध धान परिवहन, बाहरी धान की एंट्री, जमाखोरी और गलत तरीके से समर्थन मूल्य का लाभ उठाने जैसी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखे हुए हैं। जिला प्रशासन की टीमें नियमित गश्त कर रही हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास पंडोपारा में हुई घटना

# दंतैल के हमले से बुजुर्ग पण्डो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के चरचा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिशुनपुर के पंडोपारा में 27-28 नवंबर की दरम्यानी रात्रि रेलवे क्रॉसिंग के समीप पंडो जनजाति के एक घर को हाथियों के दल ने रौंद दिया। इस दौरान घर में अकेले मौजूद बुजुर्ग फूलसाय पण्डो पिता रामलाल उम्र लगभग 70 वर्ष को दंतैल हाथी ने घर से करीब 25 मीटर दूर घसीटकर कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

- 11 हाथियों का दल कर रहा विचरण

घटना के समय परिजन किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने घर से बाहर गए थे। सुबह होने पर घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिली, इसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में हाथियों के दल का लगातार आवागमन बना हुआ है, इसके कारण वन विभाग गश्त बढ़ाकर सावधानी बरत रहा है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइश भी लगातार दे रहा है, फिर भी जंगली हाथियों के विचरण क्षेत्र में फसल, मकान व जनहानि की आशंका बनी रहती है। बताया जा रहा है कि बीते दो दिनों से सलका क्षेत्र में 11 हाथियों के दल के मौजूद होने की पुष्टि वन विभाग को मिली थी और लगातार निगरानी रखी जा रही थी। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में हाथियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।



घटनास्थल पर मौजूद लोग।

#### रेलवे ट्रैक पर आए हाथी

गुरूवार की देर रात ये दल बिशुनपुर के पण्डोपारा के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक एक मालवाहक ट्रेन आने से पूरा हाथी दल ट्रैक पार नहीं कर पाया। इसी अफरा-तफरी के दौरान एक दंतेल हाथी बुरी तरह विचलित हो गया और पास स्थित पंडो जनजाति के उस घर पर हमला कर दिया, जिससे पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया और बुजुर्ग फूलसाय की मौत हो गई।

# राइस मिल सील, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के भरतपुर ब्लॉक के चिड़ौला ग्राम में संचालित मां चांग राइस मिल में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भरतपुर शशि शेखर मिश्रा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार कुंवारपुर महेन्द्र साहू, खाद्य निरीक्षक प्रवीण मिश्रा भरतपुर तथा खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। इसमें मिल संचालन से संबंधित कई गंभीर तथ्य उजागर हुए।

- गंभीर अनियमितताएं हुई उजागर



प्रशासन की टीम के पहुंचते ही मिल परिसर में कार्यप्रणाली, दस्तावेज, स्टॉक तथा सुरक्षा मानकों से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि राइस मिल संचालक द्वारा किसी भी प्रकार की अनिवार्य पंजी पुस्तिकाएं संधारित नहीं की गई थीं। खरीद, परिवहन, प्रोसेसिंग और भंडारण से जुड़ी अनिवार्य प्रविष्टियों का अभाव मिल संचालन पर संदेह पैदा करता है, इसके अलावा, भौतिक सत्यापन में 2574 बोरा धान कम पाया गया, जो बड़े स्तर पर धान गबन या हेराफेरी की आशंका को दर्शाता है। प्रशासन ने इसे अत्यंत गंभीर अनियमितता माना है, क्योंकि धान की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्टॉक का सटीक मिलान अनिवार्य है। श्रमिक सुरक्षा और कानूनों के अनुपालन में भी राइस मिल पूरी तरह फेल पाई गई। निरीक्षण में न तो श्रमिकों का पंजीयन पाया गया, न ही किसी भी प्रकार का बीमा सुरक्षा कवरेज उपलब्ध था। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन नहीं किया जा रहा था और कार्यस्थल पर मूलभूत सुरक्षा सामग्री जैसे मास्क, ग्लव्स, सेफ्टी किट तक उपलब्ध नहीं थे, इससे स्पष्ट होता है कि मिल प्रबंधन श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहा है। पर्यावरणीय नियमों के पालन में भी राइस मिल की स्थिति अत्यंत चिंताजनक रही। एयर एंड वाटर पॉल्यूशन की शर्तों के अनुसार मिल परिसर में धूल नियंत्रण के लिए स्प्रिंकलर सिस्टम, पौधरोपण, अपशिष्ट जल प्रबंधन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसी कोई भी व्यवस्था नहीं पाई गई, इसके अलावा भू-जल दोहन के लिए आवश्यक सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की अनुमति भी प्राप्त नहीं की गई थी, जो पर्यावरणीय कानूनों का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी गंभीर अनियमितताओं को संज्ञान में लेते हुए और अग्रसर विस्तृत जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से मां चांग राइस मिल को सील कर दिया। अधिकारियों ने साफ निर्देश दिए कि नियमों का पालन न करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत झगराखांड की अध्यक्ष रीमा अब भाजपा में



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले की राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। नगर पंचायत झगराखांड की अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश मंत्री अखिलेश सोनी, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह, एमसीबी जिलाध्यक्ष भाजपा श्रीमती चंपा देवी पावले सहित भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हुआ, इसके बाद जिले का राजनीतिक माहौल अचानक गर्म हो गया। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव का भाजपा में शामिल होना कई राजनीतिक मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछली नगर पंचायत चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी एवं मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की बहू श्रीमती चंपा जायसवाल को कड़े मुकाबले में पराजित किया था, अब उसी पार्टी में शामिल होकर उन्होंने स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नपाध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव का यह कदम कांग्रेस के लिए आगामी निकाय चुनावों से पहले एक तगड़ा झटका है। कांग्रेस पहले से संगठनात्मक समस्याओं का सामना कर रही है, ऐसे में एक मजबूत स्थानीय नेता का पार्टी से जाना उसके लिए चिंता का विषय बन गया है। वहीं भाजपा इसे अपने संगठन के सशक्त विस्तार के रूप में देख रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव और मंत्री श्री जायसवाल ने नपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से पार्टी की पकड़ नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी और अधिक मजबूत होगी। वहीं नपाध्यक्ष रीमा का यह राजनीतिक फैसला आगामी दिनों में एमसीबी जिले की राजनीति को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

# विशेष न्यायाधीश ने बाल गृह का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बाल अधिकार संरक्षण पुर्नवास व्यवस्था और संस्थागत देखरेख की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) मामलों के विशेष न्यायाधीश आशीष पाठक ने शुक्रवार को बाल गृह बैकुंठपुर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विशेष लोक अभियोजक महेश शर्मा तथा बाल गृह अधीक्षक श्री सिसोदिया उपस्थित रहे। न्यायाधीश श्री पाठक ने बाल गृह के आवासीय परिसर, भोजनालय, अध्ययन कक्ष, मनोरंजन कक्ष, स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा बच्चों की दिनचर्या से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उपस्थित स्टाफ से बच्चों की देखभाल, पोषण, शिक्षा, प्रशिक्षण, परामर्श एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। अधीक्षक श्री सिसोदिया ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले के साथ साथ मनेन्द्रगढ़, सूरजपुर एवं अन्य क्षेत्रों के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं हैं या जो पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उनके साथ नहीं रह पा रहे उन्हें बाल गृह में सुरक्षित वातावरण, देखभाल और पुर्नवास की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंन बताया कि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।



निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश श्री पाठक ने बच्चों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी वर्तमान परिस्थिति आपके भविष्य का निर्णय नहीं करती। निरंतर प्रयास, शिक्षा और अनुशासन से जीवन का हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अपने सपनों को कभी छोटा मत समझें। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि संस्थान या व्यवस्था के भीतर अगर कभी भी किसी प्रकार की समस्या या असुविधा उत्पन्न होती है तो वे उसे निःसंकोच बताकर समाधान के लिए प्रशासन से सहयोग लें। हम समय-समय पर यहां आते रहेंगे और आपके बीच उपस्थित होकर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। आपको कभी अकेला महसूस नहीं होने देंगे। निरीक्षण के अंत में न्यायाधीश ने बाल गृह प्रबंधन एवं स्टाफ द्वारा बच्चों के कल्याण के लिए की जा रही व्यवस्था की प्रशंसा की। साथ ही बच्चों के हित में निम्न बिंदुओं पर और अधिक सुधार के निर्देश भी दिए। बाल परामर्श एवं मनोवैज्ञानिक सहायता को और सुदृढ़ किया जाए,कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास प्रशिक्षण को विस्तारित किया जाए, बच्चों के लिए खेलकूद एवं बाह्य गतिविधियों को नियमित रूप से बढ़ावा दिया जाए। समय-समय पर मेडिकल चेकअप व न्यूट्रिशन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए निरीक्षण के पश्चात पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और बच्चों में आत्मविश्वास व ऊर्जा का संचार स्पष्ट दिखाई दिया।

### आपका पूंजी आपका अधिकार कैंप का जिपं मंथन कक्ष में आयोजन

# 2 माह में कोरिया के 147 खातों के 2.02 करोड़ रुपए वापस मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में विशेष कैंप आपका पूंजी आपका अधिकार का सफल आयोजन जिला पंचायत मंथन कक्ष में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य उन खाताधारकों को उनकी पुरानी, निष्क्रिय और बंद पड़े खातों की राशि वापस दिलाना था, जो भारतीय रिजर्व बैंक के डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड (डीईएफ) खाते में चली गई है।

कार्यशाला में जिले के बैंक, बीमा कंपनियां और अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने खाताधारकों के जमा की गई राशि वापस पाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही हितग्राहियों को उनकी राशि वापसी के लिए जरूरी दस्तावेज और दावा प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। भारतीय रिजर्व बैंक से पिछले 2 माह में जिले के 147 खातों के 2.02 करोड़ रूपए की वापसी हुई है, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 33 खातों से 1.34 करोड़, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 13 खातों से 52 लाख, छग राज्य ग्रामीण बैंक के 101 खातों से 16 लाख की राशि शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के संपूर्ण डेफ खताओं से लगभग 7 करोड़ की वापसी होना है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि पात्र हितग्राही की पूंजी वापस लाने की




जिम्मेदारी बैंक की है और जिला प्रशासन इस कार्य में पूर्ण सहयोग करेगी। सभी बैंक, जिले के पिछड़े क्षेत्र के लोगों को विश्वास दिलाए कि उनका पैसा मिल जाएगा और लोगों में जनजागरुकता फैलाए, साथ ही नए-नए योजनाओं के बारे में उन्हें अवगत कराएं। अमेन्द्र कुमार गुप्ता उप महा प्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि यह अभियान आर्थिक जागरूकता बढ़ाने तथा नागरिकों को उनके वित्तीय अधिकारों के प्रति सजग करने का बेहतरीन प्रयास है।

उन्होंने बताया कि कई लोग अपनी जमा पूंजी के बारे में जानकारी खो देते हैं, जिससे उनकी राशि रिजर्व बैंक में चली जाती है, जिसे अब यह अभियान वापस लाने में मदद कर रहा है। यह अभियान 1 अक्टूबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक जारी रहेगा और जिले की सभी बैंक शाखाएं, बीमा कंपनियां तथा वित्तीय संस्थान इसमें सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। जिलावासी अपनी आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस अभियान का लाभ उठाकर अपनी खोई पूंजी को वापस पा सकते हैं।

कार्यशाला के दौरान 10 खाता धारकों को लगभग 35 लाख वापसी होने पर प्रशस्ति पत्र दिया साथ ही आपकी पूंजी आपका अधिकार पुस्तक का विमोचन किया गया। इस कार्यशाला में सदानंद बास्के एलडीओ भारतीय रिजर्व बैंक, शशिभूषण पाठक अग्रणीय प्रबंधक कोरिया, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक छग ग्रामीण बैंक, शशि भूषण पाठक, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला कोषागार पदाधिकारी कोरिया, सभी बैंको के शाखा प्रबंधक एवं विभागीय कर्मचारी शामिल रहें।

### किसानों के 10 एकड़ खेतों में सिंचाई की मिली सुविधा

**बैकुण्ठपुर।** जिले के विकासखंड मुख्यालय बैकुंठपुर से लगभग 15 किमी दूर ग्राम भखार में खरपोली एक पुराना तालाब था। इसकी हालत जर्जर हो गई थी। महात्मा गांधी नरेगा की मदद से ग्रामीणों ने अपने तालाब को एक नया जीवन देते हुए बहुपयोगी जल संसाधन बना लिया है। बरसों से गाद और मिट्टी भर जाने के कारण, तालाब ने अपनी गहराई खो दी थी। ग्राम पंचायत की मांग के अनुसार इसे ग्राम सभा के लेबर बजट में शामिल करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला पंचायत कोरिया की पहल पर इस तालाब के गहरीकरण कार्य की स्वीकृति जारी की गई। महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत, ग्राम पंचायत चारपारा को कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया और खरपोली तालाब गहरीकरण कार्य के लिए 7 लाख 55 हजार की राशि स्वीकृत की गई। खरपोली तालाब में गहरीकरण का कार्य शुरू करना आसान नहीं था। तालाब में बहुत अधिक मात्रा में कमलदंड के पौधे उगे हुए थे, जिससे गाद निकालने और खुदाई के दौरान श्रमिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच, मेट और रोजगार सहायक ने हार नहीं मानी।

# एसआईआर में तकनीकी गड़बड़ी पर पूर्व विधायक का आरोप

**मनेन्द्रगढ़।** एसआईआर ऑनलाइन प्रक्रिया में गंभीर त्रुटि सामने आने के बाद पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग को विस्तृत शिकायत भेजी है।



- जब मेरा ही नाम मतदाता सूची में सुरक्षित नहीं, तो आम नागरिक का क्या होगा

फॉर्म ऑनलाइन सबमिट न होने और उनका नाम गलत विधानसभा क्षेत्र में मैप दिखाए जाने पर उन्होंने इसे मात्र तकनीकी गलती नहीं, बल्कि मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल बताया। जबकि वास्तविकता यह है कि पूर्व विधायक श्री कमरो वर्षों से ग्राम पंचायत साल्ही मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के मतदाता रहे हैं और वर्ष 2003 से लेकर वर्तमान मतदाता सूची तक उनका नाम उसी क्षेत्र में अंकित है। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय को भी इसकी सूचना दी थी, किंतु अभी तक समाधान नहीं मिला है। पूर्व विधायक ने कहा कि जब मेरा ही नाम मेरे ही क्षेत्र की मतदाता सूची से काटा जा रहा है, तो यह सवाल उठना लाजमी है कि आम नागरिक का नाम मतदाता सूची में कितना सुरक्षित है। यह कोई मामूली तकनीकी गलती नहीं लगती, बल्कि पूरी मतदाता सूची प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं और उन्हें बार-बार दौड़ लगाने पर मजबूर किया जा रहा है। जब एक जनप्रतिनिधि को ही अपना नाम दर्ज कराने में कठिनाई हो रही है, तो आम मतदाता की स्थिति आसानी से समझी जा सकती है। उन्होंने राहुल गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी की कही बातें सच होती दिख रही हैं। लोकतंत्र की मजबूती मतदाता के नाम से होती है और जब वही नाम खतरे में हो, तो चिंता स्वाभाविक है। पूर्व विधायक ने नागरिकों से आग्रह किया कि सभी लोग अपने-अपने बीएलओ से मिलकर अपना एसआईआर फार्म समय पर भरें। फॉर्म में सभी जानकारी सही-सही भरें, ताकि कोई गलती न हो। यदि आपत्ति आती है तो उसे अवश्य जांचे और तुरंत सुधार कराएं।

## खबर संक्षेप



### बरदर उमावि में किया गया साइकिल का वितरण

**बलरामपुर।** विकासखंड के शासकीय उमावि बरदर में 44 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत साइकिल का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्कूल परिसर में संविधान दिवस भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष बबली संबल देवी शामिल हुई। साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने शाला परिसर में साइकिल पार्किंग शेड, शाला के मुख्य द्वार पर गेट लगाने एवं शाला परिसर में अतिरिक्त कक्ष तथा शौचालय मरम्मत कराने की घोषणा की। प्राचार्य अवधमनी एक्का ने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान जनपद सदस्य अर्पणा दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित, अनूप गुप्ता, सतरूपा सिंह, मंजू किस्पोटा, दीपक, जयप्रकाश संबल, रामजीवन राम, प्रेमनी सिंह, ललिता, शिवलाल प्रजापति सहित अभिभावक व छात्राएं मौजूद थे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में लाउ की टीम ने हासिल की जीत



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम बादा बरियों में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल में लुंड्रा के बरकोल और राजपुर लाउ की टीमें आमने-सामने रही। दोनों ही टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में लाउ की टीम ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं उपविजेता टीम बरकोल ने भी शानदार खेल दिखाकर सभी का दिल जीता। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नई दिशा और बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और खेलभावना बनाए रखने की प्रेरणा दी। ग्रामवासियों और आयोजकों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, शील्ड और पुरस्कार राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, बरियों भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल (छोटू), जनपद सदस्य सुमन मुकेश गुप्ता तथा बादा सरपंच धरम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सुदामानगर में किसानों को वितरण किए गए निःशुल्क बीज



**बिश्रामपुर।** ग्राम सुदामानगर में आज शुक्रवार को किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण और आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता महेन्द्र सिंह मार्को द्वारा किसानों को निःशुल्क उच्च गुणवत्ता वाले सरसों बीज का वितरण किया गया। सुदामानगर पंचायत परिसर में दूर दूर से आए किसानों को निःशुल्क बीज वितरण किया गया। बीज वितरण के दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह मार्को किसानों से उनकी समस्याओं, कृषि से जुड़े अनुभवों व योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की, कार्यक्रम में महेंद्र सिंह मार्को ने कहा कि किसान भाई सरसों बीज प्राप्त करने के लिए अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं, ताकि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनी रहे,बीज प्राप्त करने के बाद उसकी गुणवत्ता अवश्य जांचें, प्रमाणित बीज आपके मेहनत और फसल उत्पादन दोनों को सुरक्षित करता है, उन्होंने आगे कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज ही अच्छी फसल की पहली सीढ़ी है, जिससे किसानों की आय में स्वाभाविक रूप से वृद्धि होगी।

### शासकीय महाविद्यालय में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।,यह कार्यक्रम कलेक्टर एस जयवर्धन के आदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुआ,कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा से बचने के लिए सशक्त बनने और जागरूक होने हेतु प्रेरित किया गया,साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम,टोनही प्रताड़ना अधिनियम,कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम,सखी वन स्टॉप सेंटर एवम टॉल फ्री नंबर 1098,181,112 की जानकारी दी गई,इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग नवा बिहान संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्द्र कुमारी तिवारी,सखी वन स्टाफ सेंटर के केंद्र प्रशासक श्रीमती विनीता सिन्हा,महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति के अंतर्गत जेंडर विशेषज्ञ सलोमी कुजूर एवं पूनम राजवाड़े एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर अंकुश सिंह सिसोदिया एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ठंड बढ़ने से रात के समय राहगीर व यात्रियों को होती है परेशानी

# शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नहीं अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में ठंड ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शाम ढलते ही पारा गिरने लगी है। ठंड के बढ़ने से अब लोगों को गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि ठंड बढ़ने के बावजूद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान है। इधर बस स्टैण्ड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से रात्रि में सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल व प्रतीक्षा बस स्टैंड में बड़ी संख्या में बाहर से पहुंचते है लोग

नवम्बर माह के दूसरे सप्ताह से ही पारा गिरने से दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले तीन दिनों के भीतर ही पारा गिरने से रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। हालांकि आसमान में हल्का बादल छाने से ज्यादा ठंड का एहसास नहीं हुआ परंतु पिछले दो दिनों से सर्द हवा चलने से दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड रहा है। सुबह के समय धूप का सहारा मिल जाती है परंतु शाम के बाद ठंड का असर शुरू हो जाता है। ऐसे में रात के समय सफर करने वाले राहगीरों व यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ती है। नगर निगम द्वारा लोगों को राहत दिलाने शहर के भीड़भाड़ वाले चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जाती है लेकिन इस वर्ष अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में रात के समय लोगों को ठंड के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि पारा नीचे गिरने से रात के समय गर्म कपड़े का असर भी कम हो जाता है। जिस तरह से ठंड पड़ने लगी है ऐसे में चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से ऑटो चालक, रिक्शा चालक सहित रात के समय सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



**लोगों की बढ़ी परेशानी**

ठंड शुरू होने से पूर्व ही नगर निगम द्वारा राहगीर व यात्रियों की सुविधा के लिए अलाव की व्यवस्था करती है। इस वर्ष ठंड बढ़ने के बाद भी सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे बस स्टैण्ड, मेडिकल कॉलेज अस्पताल जहां लोगों की काफी भीड़ होती है। रात में सफर करने वालों की संख्या अधिक होती है ऐसे में बस स्टैण्ड पहुंचने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी तरह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले से बड़ी संख्या में ग्रामीण दूर-दराज क्षेत्र से मरीज लेकर आते है परंतु अलाव की व्यवस्था नहीं होने से अपने साथ लाए कुछ कपड़ो से रात गुजारने को मजबूर है।

**बिना गर्म कपड़ों के गुजरते हैं रातें**

शहर में विक्षिप्त व घुमंतू लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है जो दिन में इधर उधर घूम कर समय काट लेते है परंतु रात के समय किसी दुकान के सामने सो कर रात व्यतीत करते है। जबकि रात के समय ऐसे कई रिक्शा व ऑटो चालक देर रात आने वाली यात्रियों के इंतजार में बस स्टैण्ड व चौक चौराहों पर रहते है परंतु बस स्टैंड व चौक चौराहों पर नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



## मुख्य मार्ग पर दो फीट का गड्ढा राहगीरों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

बिहारपुर, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर दो फीट गड्ढा होने से अब राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। गड्ढे से न सिर्फ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है। क्षेत्र के लोगों ने गड्ढे को भर मरम्मत कराने की मांग की है।

बिहारपुर, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बारिश के बाद से ही लगभग दो फीट का गड्ढा हो गया है। बीच सड़क पर गड्ढा होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। मुख्य मार्ग होने के कारण इस सड़क से सभी छोटी-बड़ी गाड़ी का आवागमन हजारों की संख्या में होता रहता है। सड़क में इतना बड़ा गड्ढा है कि गाड़ी गड्ढे में जाने से बड़ी घटना हो सकती है। हैरानी की बात तो यह है कि लंबे से समय से गड्ढा होने के बाद भी स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। अगर समय रहते इस गड्ढे को नहीं भरा गया तो किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती है। क्षेत्र के प्रदीप राजवाड़े का कहना है कि बारिश के मौसम में बने इस गड्ढे में पानी जमा होने से कई बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल भी चुके हैं, वही इस गड्ढे में चार पहिया वाहन भी कितने बार अनबैलेंस होकर दुर्घटना होते-होते बाल बाल बचे है। ऐसे में अब यह गड्ढे राहगीरों का सर दर्द बना गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस रास्ते से स्कूल में पढ़ते बच्चे प्रतिदिन गुजरते हैं और वह भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। वहीं भोड़िया बाबा के नाम से प्रसिद्ध देव स्थल मौजूद है महज 50 मीटर की दूरी पर यह गड्ढा है जिसमें लोग आए दिन पूजा पाठ करने आते रहते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इस रास्ते में आए दिन मंत्री विधायक का दौरा भी लगा रहता है लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जुड़ा सबसे लंबा सड़क माना गया है बावजूद इसके स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी पहल नहीं किया जाता, न ही संबंधित विभाग को सूचना देते हैं। यह मार्ग सूरजपुर जिला को भी जोड़ता है जिससे जल्द बाजी में कोई सूरजपुर की ओर गया तो वह भी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर बने गड्ढे की पेच रिपेयरिंग कराए जाने की मांग की है।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर हुई बैठक जिले में तीन नए परीक्षा-केन्द्र बनाए गए



**बिश्रामपुर।** कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं के नकलमुक्त एवं सुचारू आयोजन हेतु जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक शासकीय आजाक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर में हुई।

बैठक में परीक्षा-केन्द्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, प्रश्नपत्र प्रबंधन, पर्यवेक्षण एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई,बैठक में डीईओ अजय मिश्रा ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पूर्ण अनुशासन,सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, नकल-मुक्त परीक्षा को विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए आवश्यक सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया, किसी भी स्थिति में कहीं से भी नकल संबंधित शिकायत ना आए,डीईओ मिश्रा ने 10वीं–12 वीं बोर्ड परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु सभी परीक्षा-केन्द्रों में व्यापक निगरानी,सुरक्षा तैनाती,सुव्यवस्थित सीटिंग प्लान,पेयजल,प्रकाश,स्वच्छ शौचालय,तथा प्राथमिक उपचार किट जैसी अनिवार्य व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं,उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और संबंधित पर अनिवार्य कार्यवाही होगी। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि इस वर्ष जिले में परीक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरवरगंज,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोवर्धनपुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमकोला तीन नए परीक्षा-केन्द्र बनाए गए हैं। इन नए केन्द्रों के बनने से परीक्षा संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम होने की संभावना है,बैठक में उपस्थित प्राचार्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त किया कि जिले के सभी परीक्षा-केन्द्र निर्धारित समय पर पूरी तैयारी के साथ बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार रहेंगे, इस दौरान सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव, प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, पीसी सोनी समेत सभी विकासखंडों के बीईओ और सभी संस्थाओं के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में मनाया गया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में ऐतिहासिक दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। यह दिवस भारत की संविधान सभा द्वारा वर्ष 1949 में देश के सर्वोच्च ग्रंथ, भारतीय संविधान को अंगीकार किए जाने की स्वर्णिम स्मृति को चिरस्थायी बनाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर ज्ञान के आदान-प्रदान और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति समर्पण का केंद्र बना।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी सुश्री रेखा जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को संविधान की पवित्र प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। वाचन के उपरांत सुश्री जायसवाल ने सभी को संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों और उच्च नैतिक मूल्यों की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान के दार्शनिक और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस तरह सभी धर्मों के अपने-अपने पवित्र ग्रंथ होते हैं, जो उनके अनुयायियों को नैतिक मार्ग दिखाते हैं, उसी तरह भारत देश का सबसे पवित्र ग्रंथ हमारा संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान ही है जो देश के विभिन्न समुदाय, जाति और धर्म के लोगों को एक अटूट सूत्र में बांधकर, सबको समान अधिकार और न्याय प्रदान करता है।

सुश्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि संविधान हमें केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही नहीं देता, बल्कि यह हमारे हितों की रक्षा करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और राष्ट्रीय ध्वज एवं संविधान का सम्मान करने जैसे मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक हरिशंकर पैकरा ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके महान योगदान को याद किया। श्री पैकरा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर केवल संविधान के निर्माता नहीं थे, बल्कि वह सामाजिक न्याय और समानता के एक युग-प्रवर्तक थे। सहायक प्राध्यापक रविशंकर उर्रे और हीरालाल सिंह ने भी संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपनी संक्षिप्त और ज्ञानवर्धक टिप्पणी दी। इस दौरान डॉ. संजय वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, मनबोध कुजूर, जयशंकर, अन्नू सिंह राजपूत, सोनाली किंडो,अमित सिंह, शेषनन्दन टेकाम, श्रीमती सुभिया सिंह, रितेश पैकरा, चंद्रशेखर सहित अन्य मौजूद रहे।

### पार्वती इंस्टीट्यूट में मनाया गया संविधान दिवस

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर के बीएड प्रशिक्षार्थियों ने संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया तथा संविधान का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में संविधान के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके महत्व, संविधान की आवश्यकता एवं मानव विकास पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षार्थियों ने भाषण, कविता, एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। अध्यापकों ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.छवि रानी मंडल सहित संस्था के सभी अध्यापक उपस्थित थे।



### भालू की सक्रियता पर वन विभाग ने ग्रामीणों को किया सतर्क

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र में भालू के बढ़ते विचरण को देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। ग्राम अमरठा एवं चीता के आसपास बीते कुछ दिनों से भालू देखे जाने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेंजर मुकुल पांडे टीम के साथ गांवों में पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से चर्चा कर कहा कि उन्हें जंगल की ओर अनावश्यक रूप से जाने से बचे। रेंजर पांडे ने बताया कि भालू आमतौर पर मानव संपर्क से दूर रहते हैं। लेकिन अचानक सामना होने पर खतरा बढ़ सकता है। इसलिए सावधानी बरतना आवश्यक है। ग्रामीणों को विशेष रूप से सुबह और शाम के समय जंगल और आसपास के सुनसान क्षेत्रों में न जाने की हिदायत दी गई। टीम ने गांवों में मुनादी भी करवाई, जिसमें लोगों को सतर्क रहने, किसी भी असामान्य गतिविधि पर तुरंत वन विभाग को सूचित करने और बच्चों को अकेले बाहर न भेजने की की बात कही। वन विभाग टीम ने बताया कि भालू के विचरण क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे।

## वरिष्ठ नागरिक संघ ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**प्रेमनगर।** ग्राम टाकर में वरिष्ठ नागरिक संघ ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए हैं। संघ द्वारा हर साल ठंड के मौसम में पूरे जिले में कैंप लगाकर कंबल, साड़ी स्वेटर, स्कूली बच्चों को स्टेशनरी जैसी उपयोगी सामग्री जरूरतमंदों तक पहुंचाती है। इस साल भी संघ ने नवंबर माह में आदिवासी क्षेत्रों में जाकर गर्म कपड़े गरीबों और छात्रों में वितरण का शुरुआत किया है।




वरिष्ठ नागरिक संघ जिले के सुदूर इलाकों में ठंड से ठिठुरते गरीब ग्रामीणों के लिए राहत पहुंचाने का काम कर पूरे समाज के लिए मिसाल पेश कर रही है। , इसी तरह संघ जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन मरीजों और परिजन के सुबह का नाश्ता का व्यवस्था करती है। संघ के सदस्यों ने जिले के नागरिकों से जरूरतमंदों के लिए सेवा भावना से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संघ के लालचंद अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, रवि शंकर मिश्रा, सुशील अग्रवाल, पुखराज जैन, रमेश रोहिल्ला, राजेंद्र अग्रवाल, पवन कुमार मित्तल, मोतीलाल, एके तिवारी, चंद्रभान, राम लल्लू, जीएफ आंडील्य, श्याम सुंदर जायसवाल, घनश्याम, रामध्यान सिंह, सुघन राम, बाबू राम सिंह, ग्राम पंचायत के सरपंच सूरज सिंह, उप सरपंच देवधारी राम, समस्त पंच, स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# वन अमले ने रात्रि गश्त के दौरान 51 बोरी अवैध धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से रेंजर मुकुल कुमार द्वारा की जा रही रात्रि गश्त के दौरान एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। मंगलवार की रात वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान एक वाहन संदिग्ध अवस्था में जाते देखा। विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोक लिया। जांच के दौरान पिकअप सीजी 15 डीटी 4674 में भारी मात्रा में धान भरा पाया। चालक की पहचान ग्राम कोदवा निवासी राकेश सोनवानी आ.मुन्ना सोनवानी के रूप में हुई। वन विभाग की टीम ने जब चालक राकेश सोनवानी से धान से संबंधित परिवहन दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की, तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम को संदेह होने पर वाहन की तलाशी ली गई, पिकअप में 51 बोरी धान अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाया गया। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि यह धान भरतपुर क्षेत्र से बिना अनुमति के लाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल तहसीलदार को सूचना दी। सूचना मिलते ही तहसील आवश्यक कार्रवाई शुरू की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रात्रि गश्त का मुख्य उद्देश्य अवैध कटाई, अवैध परिवहन और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम लगाना है।



पेज 1 के शेष...

### हाईकोर्ट की सख्ती पर शिक्षा ...

से बच रहे है। बताया जा रहा है गुरूवार को डीईओ अजय मिश्रा, बीईओ धर्मसाय लकड़ा सहित अन्य अधिकारी हंसवाहिनी विद्या मंदिर पहुंचे थे तथा स्कूल के सभी पंजियों को जब्त किया। अधिकारियों द्वारा स्कूल की मान्यता निरस्त करने की भनक जैसे ही ग्रामीणों को लगी बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने उन्हें घेर लिया तथा कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान डीईओ श्री मिश्रा ने समझाइश देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया है। मामले में स्कूल की मान्यता समाप्त नहीं होने पर संचालक व शिक्षकों को जेल जाना पड़ सकता है साथ ही अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। समझाइश के बाद ग्रामीण वापस लौट गए। चर्चा है कि विभाग ने हंस वाहिनी विद्यालय की मान्यता निरस्त कर दी है। विभाग के अधिकारी इस संबंध में न तो किसी से बात कर रहे हैं न ही कोई जानकारी ही दे रहे हैं। यहां तक कि सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन को भी विभाग की कार्रवाई की जानकारी नहीं है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411